जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 14.08.2024

थाना कैराना पुलिस द्वारा वाहन चोरी की 03 घटनाओं में वांछित वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल के पार्टस बरामदः-

दिनांक 13.08.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा वाहन चोरी की 03 घटनाओं में वांछित वाहन चोर को चोरी की मोटरसाइकिल के पार्टस सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। थाना कैराना पुलिस द्वारा दिनाँक 24.05.2024 को अभियुक्त के अन्य साथी इमरान उर्फ सुल्लड़ को चोरी की 02 मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.आसिफ पुत्र कामिल निवासी ग्राम अलीपुर थाना कैराना जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

1.चोरी की मोटर साईकिल एचएफ डीलक्स के पार्टस (टायर, शोकर, नम्बर प्लेट आदि)।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त उपरोक्तः-

1.मु0अ0सं0 281/2024 धारा 379/411 भादवि थाना कैराना जनपद शामली।

2.मु0अ0सं0 282/2024 धारा 379/411 भादवि थाना कैराना जनपद शामली।

3.मु0अ0सं0 380/2024 धारा 303(3)/317(5) बीएनएस थाना कैराना जनपद शामली।

<u>प्रेस नोट</u>

<u>थाना थानाभवन पुलिस द्वारा 02 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किया हुआ बैग, नगदी व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामदः-</u>

ज्ञात हो कि दिनांक 08.08.2024 को श्री सोनू कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी रेल पार थाना आदर्श मंडी जनपद शामली अपने भाई रोहित कुमार के साथ सैल्स कार्य हेतु गये थे जिनका बैग अज्ञात चोरो द्वारा कस्बा जलालाबाद थाना थानाभवन से चोरी कर लिया गया था । वादी की तहरीर के आधार पर थाना थानाभवन पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रम में दिनांक 14.08.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल नेतृत्व में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा 02 चोर को चोरी किये बैग, नगदी व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>

1.अर्रसलान पुत्र अब्दुल रहमान निवासी ग्राम बपारसी थाना सरधना जनपद मेरठ हाल निवासी नूर नगर थाना लिसाड़ी गेट जनपद मेरठ।

2.इदरीश पुत्र शकूर उर्फ शकुरदीन निवासी ग्राम बपारसी थाना सरधना जनपद मेरठ हाल निवासी नूर नगर थाना लिसाड़ी गेट जनपद मेरठ।

<u>बरामदगी का विवरणः-</u>

1.चोरी किया हुआ सामान (एक पिट्ठू बैग, 05 सिगरेट की डिब्बी)।

2.चोरी का सामान बेचकर प्राप्त की गयी नगदी (1,000/- रूपये)।

3.घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल टीवीएस अपाचे रजि0नं0 UP15 BE 2681

<u>थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 02 वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामदः-</u>

आज दिनांक 14.08.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 02 वाहन चोरो को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>

1.गुलफाम पुत्र नत्थू निवासी ग्राम लिलौन थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

2.अहसान पुत्र सादीन निवासी ग्राम लिलौन थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

<u>बरामदगी का विवरणः-</u>

1.चोरी की स्प्लेण्डर प्लस मोटरसाइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

थाना कोतवाली शामली/आदर्श मण्डी पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 02 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-

आज दिनांक 14.08.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली/आदर्श मण्डी पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 02 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । अभियुक्त की गिरफ्तारी के संबंध में थाना कोतवाली शामली/आदर्श मण्डी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.अजीत सिंह पुत्र स्व0 विरेन्द्र सिंह निवासी मौहल्ला सुभाष नगर थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

2.अमित पुत्र विरेन्द्र निवासी ग्राम मुण्डेट कला थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI